तत्काल

संख्या 24/205/2014–पब्लिक
भारत सरकार
गृह मंत्रालय
.....

नॉर्थ ब्लॉक, नई दिल्ली
दिनांक 30-7-2014

आदेश

विषयः सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 के अंतर्गत प्रथम अपील।

यतः श्री राजीव कुमार खरे के आवेदन दिनांक 21/03/2014, जो प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा गृह मंत्रालय को निस्तारण के लिए अग्रसारित की गई है, जो दिनांक 11.04.2014 को प्राप्त हुई थी, में पदम पुरस्कारों 2014 से संबंधित सूचना मॉगी थी।

2. यतः केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी द्वारा आवेदक को संबंधित सूचना समसंख्यक पत्र दिनांक 09.05.2014 द्वारा उपलब्ध करा दी गई थी।

3. यतः श्री खरे ने अपने पत्र दिनांक 12.06.2014 (दिनांक 20.06.2014 को प्राप्त) में केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी द्वारा दी गई सूचना के विरूद्ध प्रथम अपील इस आधार पर की है कि उपलब्ध कराई गई प्रत्युत्तर गलत है। श्री खरे ने अपील की है कि उन्होने वर्ष 2014 से संबंधित सूचनाएँ मॉगी थी जबकि जन सूचना अधिकारी द्वारा उन्हे बिन्दु 2 में वर्ष 2013 से संबंधित सूचना प्रदान की गई है।

4. श्री खरे द्वारा दी गई अपील का अवलोकन किया गया एवं यह पाया गया कि टंकन की अशुद्धियों के कारण वर्ष 2014 के बजाए 2013 टंकित हो गया था। बिन्दु 2 के प्रत्युत्तर में वर्ष 2013 के बजाए वर्ष 2014 पढा जाए। अपीलार्थी को यह भी सूचित किया जाता है कि उपरोक्त सूचना इस मंत्रालय की वेबसाइट www.mha.gov.in पर भी उपलब्ध है।

5. तदनुसार इस अपील का निस्तारण किया जाता है। इस अपील का निस्तारण कार्य की अधिकता के कारण सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 19 (6) के अंतर्गत 30 दिनों के बाद परन्तु 45 दिनों के अन्दर किया जा रहा है।

30/7/14

(सतपाल चौहान)
संयुक्त सचिव (प्रशा0)
एवं अपीलीय अधिकारी
दुरभाषः 23093178

श्री राजीव कुमार खरे,
गली नं0–3, प्रेमविहार कालोनी,
प्रेमनगर, सतना,
मध्य प्रदेश।

प्रतिलिपिः

- अनुभाग अधिकारी(आई टी) को वेबसाइट पर अपलोड करने हेतू।

श्रीमान प्रथम अपीलीय प्राधिकारी महोदय श्री सतपाल चौहान (संयुक्त सचिव) "प्रशासन" गृह मंत्रालय कमरा नं० 194 नार्थ ब्लाक नई दिल्ली

राजीव कुमार खरे (एडवोकेट) गली नं० 3 प्रेम विहार कालोनी सतना ---- अपीलार्थी

विरुद्ध

के० लोक सूचना अधिकारी गृह मंत्रालय नई दिल्ली ---- रेस्पान्डेन्ट

प्रथम अपील अन्तर्गत धारा 19(1) सूचना का अधिकार अधिनियम 2005

मान्यवर,

अपीलार्थी निम्न अपील प्रस्तुत कर विनती है।

1. यह कि अपीलार्थी के द्वारा दिनांक 21.3.14 को सूचना के अधिकार अधिनियम के अन्तर्गत जानकारी के. लोक सूचना अधि० प्रधानमंत्री कार्यालय से चाही गयी थी जिस पर प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा जानकारी प्रदान किये जाने हेतु के. लोक सूचना अधि० गृह मंत्रालय को संदर्भित कर दिया जिस पर दिनांक 9/5/14 के पत्र द्वारा जानकारी प्रदान की गई अतः रेस्पान्डेन्ट आवश्यक पक्षकार है।
2. यह कि रेस्पान्डेन्ट द्वारा कंडिका 2 मे "वर्ष 2013" का उल्लेख किया जबकि अपीलार्थी द्वारा वर्ष 2014 मे प्रदान किये गये परम पुरस्कारों के लिये किस किस देश के नामचीन व्यक्तियो ने किनकी किनकी सिफारिस की जानकारी चाही थी। अतः दिलाये जाने का कष्ट करें।
3. यह कि अपील समय सीमा के अन्दर है क्योंकि भेजी गई जानकारी 20-5-14 को प्राप्त हुई। अतः सुनवाई योग्य है।

अस्तु श्रीमान से प्रार्थना है कि रेस्पान्डेन्ट से वांछित जानकारी दिलाये जाने की कृपा की जाये।

सतना
दिनांक 12.6.14

प्रार्थी/अपीलार्थी
Rajiv
राजीव कुमार खरे

348
15107/JS(A)/14
20/6/14

1/6/14

23/6
3306

सचिव 26/6/14

{सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा (6)(1) के अन्तर्गत}

1. आवेदक का नाम -- राजीव कुमार खरे

2. पूरा पता / इ-मेल / फैक्स जिस पर जानकारी प्रेषित की जाना हो राजीव कुमार खरे (एड0) निवास – गली नं0--3 प्रेमविहार कालोनी प्रेमनगर सतना म0प्र0

3. दूरभाष क्रमांक मो0नं0--09827590823

4. आवेदन देने का दिनांक 21.3.14

5. कार्यालय का नाम केन्द्रीय लोक सूचना अधिकारी, प्रधानमंत्री कार्यालय नई दिल्ली

6. चाही गयी जानकारी का विवरण 1. वर्ष 2014 मे दिये गये पदम पुरस्कारो के लिये कुल कितने आवेदन आये थे।
2. वर्ष 2014 मे प्रदान किये जाने पदम पुरस्कारो के लिये किस किस देश के नामचीन व्यक्तियो ने किनकी किनकी सिफारिश की
3. वर्ष 2014 मे किनको किनको पदम पुरस्कार प्रदान किये गये।

7. क्या चाहते है नकल / निरीक्षण / रिकार्ड का निरीक्षण / रिकार्ड की प्रमाणित प्रति / प्रमाणित नमूना। जानकारी प्रदान करे

8. आवेदन के साथ अदा किये जाने वाले प्रोसेस फीस – रूपये 10 / नगद / स्टाम्प (बी0पी0ए0 सूची सदस्य को देय नही) रसीद क्र0– एवं दिनांक पोस्टल आर्डर / ~~स्टाम्प~~ क्र0– 05F 542018 दि0– 21.3.14

9. क्या आवेदक गरीबी रेखा के नीचे है अथवा नही, हाँ / नही यदि हां तो बी0पी0एल0 सूची का अनुक्रमांक

हस्ताक्षर (आवेदनकर्ता)

टीप – यदि आवेदक द्वारा डाक से आवेदन प्रेषित किया जाता है तो आवेदन पत्र पर 5/--रूपये स्टाम्प चस्पा करते हुए रजिस्टर्ड / यू0पी0सी0 / डाक व्यय सहित स्वयं का पता लिखा हुआ है लिफाफा संलग्न करें। (बी0पी0एल0 सूची के सदस्यों को डाक व्यय देय नही)

पावती

1. आवेदन प्राप्त होने का दिनांक ....
2. आवेदनकर्ता को वांछित जानकारी प्राप्त करने के सम्बंध में अग्रिम कार्यवाही हेतु उपस्थित होने का दिनांक ....
3. सम्बंधित शाखा / अधिकारी जहां से जानकारी उपलब्ध होगी ....।

प्राप्तकर्ता के हस्ताक्षर
(लोक सूचना अधिकारी / सहायक
लोक सूचना अधिकारी द्वारा प्राधिकृत)
पदनाम (रबर सील)
दिनांक – ....